अष्टादश बिहार विधान सभा

द्वितीय सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या–03 बृहस्पतिवार, दिनांक–05 फरवरी, 2026 ई०।

माननीय अध्यक्ष डॉ० प्रेम कुमार की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई।

समय : 11:00 बजे पूर्वाह्न से 12:28 बजे अपराह्न तक।

[1] आसन की सूचना :–

आसन द्वारा सदन को सूचित किया गया कि बिहार विधान सभा के स्थापना दिवस के अवसर पर दिनांक 07 फरवरी, 2026 को सेन्ट्रल हॉल में एक व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन तथा नेवा द्वारा बनाये गये डिजीटल हाउस का शुभारंभ होगा। इस हेतु आप सभी को आमंत्रण पत्र भेजा जा रहा है। आसन द्वारा सभी माननीय सदस्यों से इस अवसर पर उपस्थित रहने हेतु विशेष आग्रह किया गया।

[2] प्रश्नकाल :–

i. 02 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित।
ii. 10 तारांकित प्रश्न उत्तरित।
iii. 01 तारांकित प्रश्न अपृष्ठ।
iv. 60 तारांकित प्रश्न अनागत।

[3] कार्यस्थगन प्रस्ताव :–

माननीय सदस्य, श्री अखतरूल ईमान, श्री गुलाम सरवर, मो० सरवर आलम, मोहम्मद मुर्शिद आलम एवं श्री संदीप सौरभ द्वारा दिया गया कार्य स्थगन प्रस्ताव नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा इसे अमान्य किये जाने की घोषणा की गयी।

परन्तु आसन की अनुमति प्राप्त कर माननीय सदस्य, श्री अखतरूल ईमान द्वारा कार्य स्थगन प्रस्ताव की सूचना को पढ़ा गया।

[4] शून्यकाल :–

शून्यकाल की सूचना के अंतर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया:–

(i)	श्रीमती कविता देवी	(ii)	श्रीमती निशा सिंह
(iii)	श्री नन्द किशोर राम	(iv)	श्री बीरेन्द्र कुमार
(v)	श्री प्रमोद कुमार सिन्हा	(vi)	श्री अभिषेक रंजन
(vii)	श्री मुरारी मोहन झा	(viii)	मोहम्मद मुर्शिद आलम
(ix)	मोहम्मद सरवर आलम	(x)	श्री गुलाम सरवर
(xi)	श्री भरत बिन्द	(xii)	श्री अरूण सिंह

(xiii)	श्री ललित नारायण मंडल	(xiv)	श्री मंजीत कुमार सिंह
(xv)	श्री शुभानंद मुकेश	(xvi)	श्रीमती गायत्री देवी
(xvii)	श्री अजय कुमार	(xviii)	श्रीमती शालिनी मिश्रा
(xix)	श्री सुरेन्द्र प्रसाद	(xx)	श्री रोमित कुमार
(xxi)	श्री सुजीत कुमार	(xxii)	श्री जनक सिंह
(xxiii)	श्री विजय कुमार खेमका	(xxiv)	श्री संदीप सौरभ
(xxv)	श्री अखतरूल ईमान	(xxvi)	श्री सतीश कुमार सिंह यादव
(xxvii)	श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह	(xxviii)	श्रीमती अनीता
(xxix)	सुश्री मैथिली ठाकुर	(xxx)	श्री मिथिलेश तिवारी
(xxxi)	श्री कलाधर प्रसाद मंडल	(xxxii)	श्री कुमार शैलेन्द्र

[5] ध्यानाकर्षण सूचनाएं :–

(i) माननीय सदस्य, श्री श्याम रजक का उच्च शिक्षा विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य, श्री श्याम रजक द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय मंत्री, उच्च शिक्षा विभाग, श्री सुनील कुमार द्वारा इसका उत्तर दिया गया।

(ii) माननीय सदस्य, श्री राणा रणधीर, श्री अनिल सिंह एवं अन्य पाँच सभासदों का जल संसाधन विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य, श्री राणा रणधीर द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री, जल संसाधन विभाग, श्री विजय कुमार सिन्हा द्वारा इसके उत्तर के लिए समय की मांग की गयी।

तदुपरान्त आसन द्वारा सूचित किया गया कि दिनांक 07 फरवरी, 2026 को बिहार विधान सभा के स्थापना दिवस के अवसर पर निर्धारित व्याख्यान कार्यक्रम में माननीय अध्यक्ष, लोक सभा; माननीय उप सभापति, राज्य सभा; माननीय मुख्यमंत्री, बिहार; माननीय केन्द्रीय मंत्री, संसदीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार; माननीय उपाध्यक्ष, बिहार विधान सभा; माननीय उप मुख्यमंत्रिगण, बिहार एवं माननीय मंत्री, संसदीय कार्य विभाग, बिहार उपस्थित रहेंगे। साथ ही इस अवसर पर सभी माननीय सदस्यों से निश्चित रूप से उपस्थित होने का पुनः अनुरोध किया गया।

तत्पश्चात् सभा की बैठक भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई।

भोजनावकाश के बाद

(02.00 बजे अपराह्न से 03:12 बजे अपराह्न तक)

[इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया]

[6] माननीय राज्यपाल के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर (दिनांक–03.02.2026 से जारी) वाद–विवाद :–

माननीय राज्यपाल के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर जारी वाद–विवाद में आज सर्वप्रथम माननीय नेता विरोधी दल, श्री तेजस्वी प्रसाद यादव ने अपना पक्ष रखा।

तदुपरान्त माननीय उप मुख्यमंत्री, श्री विजय कुमार सिन्हा तथा माननीय सदस्य, श्री सुनील कुमार पिन्टू ने अपना–अपना पक्ष रखा।

तत्पश्चात सरकार की ओर से माननीय मुख्यमंत्री द्वारा विस्तारपूर्वक उत्तर दिया गया।

तदुपरान्त माननीय नेता विरोधी दल, श्री तेजस्वी प्रसाद यादव द्वारा दिया गया संशोधन प्रस्ताव सदन द्वारा अस्वीकृत हुआ तथा माननीय सदस्य श्री संजय सरावगी द्वारा प्रस्तुत मूल प्रस्ताव सदन से स्वीकृत हुआ।

आसन से घोषणा हुई कि "सदस्यगण इस अभिभाषण के लिए माननीय राज्यपाल के प्रति कृतज्ञ हैं।"

[7] निवेदन :–

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 27 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जायेंगे।

तत्पश्चात सभा की बैठक शुक्रवार, दिनांक–06 फरवरी, 2026 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई।

पटना
दिनांक–05.02.2026

ख्याति सिंह
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना।